**सं.आईसीएमआर/भर्ती एवं पदोन्नति प्रकोष्ठ/वरिष्ठता/सहायक/2026**

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद**

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पी. ओ. बॉ.नं.4911

अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

दिनांक: 11.08.2026

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय**: - परिषद मुख्यालय तथा इसके संस्थानों/केंद्रों से संबंधित सहायकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची- के संबंध में।

***************

परिषद के सहायक पद के भर्ती नियमों के अनुसरण में, वेतन मैट्रिक्स के वेतन स्तर-6 (35,400-1,12,400 रुपये) में नियमित आधार पर नियुक्त सहायकों की अनंतिम वरिष्ठता सूची का प्रारूप तैयार किया गया है। सहायक के पद पर नियमित आधार पर कार्यरत सभी अधिकारी अपनी वरिष्ठता की जाँच कर लें और यदि कोई आपत्ति/टिप्पणी हो, तो उसे **उचित माध्यम से** इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर भर्ती एवं पदोन्नति प्रकोष्ठ, परिषद मुख्यालय को ई-मेल के माध्यम से ao.rpcell@icmr.gov.in पर प्रस्तुत करें।

2. सभी संबंधित अधिकारी ध्यान दें कि आरक्षित श्रेणी (एससी, एसटी और पीडब्ल्यूडी) की जाति उनके नाम के आगे पहले ही बताई जा चुकी है। किसी मामले में, यदि किसी का विवरण दर्ज नहीं हुआ है, तो उसकी सूचना परिषद मुख्यालय के भर्ती और पदोन्नति प्रकोष्ठ को दी जाए, ताकि आरक्षण (यदि लागू हो) प्रयोजन हेतु इसका वरिष्ठता सूची में उल्लेख किया जा सके।

3. यदि किसी मामले में, संबंधित व्यक्ति से 30 दिनों के भीतर कोई सूचना/आपत्ति/टिप्पणी प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि संबंधित अधिकारी को अनंतिम वरिष्ठता सूची के प्रारूप में बताई गई उसकी स्थिति पर कोई आपत्ति नहीं है और इसे ही अंतिम सूची मान लिया जाएगा।

4. परिषद मुख्यालय कार्यालय तथा इसके संस्थानों/केंद्रों से संबंधित सहायकों की वरिष्ठता सूची लागू भर्ती नियमों के अनुसार तैयार की गई है तथा यह डीओपीटी के दिनांक 19.09.2022 के परिपत्र **"वरिष्ठता का निर्धारण"** में अंतर्निहित अनुदेशों और/या अन्य आगामी आदेशों के अधीन होगी।

-हस्त-

**(रीमा शर्मा)**

**सहायक महानिदेशक (प्रशा.)**

सेवा में:-

1. संबंधित संस्थानों/केंद्रों के निदेशक/ निदेशक-प्रभारी: सहायकों को निदेश दिए जाए कि यदि कोई आपत्ति या टिप्पणी हो, तो उसे सेवा रिकॉर्ड से विधिवत सत्यापित करवाकर **30 दिनों के भीतर** उचित माध्यम से प्रस्तुत करें; ऐसा न करने पर सहायक ग्रेड की वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।
2. नोडल अधिकारी, ई गवर्नेंस प्रकोष्ठ- परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।